ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथी मंजिल, सेवा भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली - **110066**

**<u>तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति</u>**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ऊर्जा संरक्षण संबंधी कार्यकलापों के लिए तकनीकी सहायता हेतु चिह्नित क्षेत्रों/संबंधित कार्य-क्षेत्रों के लिए 16* वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञों/क्षेत्र विशेषज्ञों को पूर्णतः अनुबंध के आधार पर नियुक्त करना चाहता है।

अनुबंध आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए होगा जिसे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा, बशर्ते कि व्यक्ति का निष्पादन संतोषजनक हो तथा बीईई कार्यकलापों की भविष्य में आवश्यकता हो।

इच्छुक आवेदक शैक्षिक अर्हता, आयु, अनुभव आदि का विवरण बीईई की वेबसाइट www.beeindia.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक आवेदक रोजगार समाचार-पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना बायोडाटा (सीवी) सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली-110066 के कार्यालय में भेज दें।

*चयन के समय वास्तविक संख्या आवश्यकतानुसार भिन्न हो सकती है।

**सचिव**, **बीईई**

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**

**(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)**

**तकनीकी विशेषज्ञों की भर्ती**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के प्रावधानों के तहत ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए की गई है। इसका कार्यालय नई दिल्ली में है।

भारतीय नागरिकों से पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले **वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञों / क्षेत्र विशेषज्ञों** की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्त किए जाएंगे, जिसकी अवधि को संतोषजनक निष्पादन होने पर एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। योग्यता के उपरांत न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी का क्षेत्र विशेषज्ञ के रूप में 1.00 लाख रुपए प्रति माह के समेकित पारिश्रमिक पर चयन करने पर विचार किया जाएगा। योग्यता के उपरांत न्यूनतम 08 वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों का वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञों के रूप में 1.25 लाख रुपए प्रति माह के समेकित पारिश्रमिक पर चयन के लिए विचार किया जाएगा।

**पदों का क्षेत्रवार विवरण निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | क्षेत्र | शैक्षणिक अर्हता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | एस एंड एल<br>i. स्वैच्छिक उपकरण<br>ii. बाजार निगरानी<br>iii. जाँच परीक्षण | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री।<br>• उपस्कर / उपकरण के लिए ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों से परिचित होना।<br>बीईई प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षक / प्रबंधक को प्राथमिकता दी जाएगी। | ऊर्जा प्रबंधन / संचालन एवं रखरखाव / ऊर्जा बचत का तकनीकी मूल्यांकन / उपकरणों और उपकरणों के लिए मानक, संवर्धन और विकास आदि में अनुभव। |
| 2. | मांग पक्ष प्रबंधन (कृषि और नगर पालिका) | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री। | विद्युत वितरण कंपनियों या यूएलबी या राज्य एजेंसियों में मांग पक्ष प्रबंधन गतिविधियों में अनुभव । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / ऊर्जा नियोजन / ऊर्जा प्रबंधन / सतत ऊर्जा / पर्यावरण अध्ययन / पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर या मास्टर डिग्री का अतिरिक्त लाभ होगा।<br><br>बीईई प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षक / प्रबंधक को प्राथमिकता दी जाएगी। | |
| 3. | राष्ट्रीय परीक्षा समन्वयक | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री।<br><br>• इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / ऊर्जा नियोजन / ऊर्जा प्रबंधन / सतत ऊर्जा / पर्यावरण अध्ययन / पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर या मास्टर डिग्री का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।<br><br>बीईई प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षक / प्रबंधक को प्राथमिकता दी जाएगी। | परीक्षा आयोजित करने और ऊर्जा प्रबंधन, लेखा परीक्षा आदि में अनुभव। |
| 4. | क्लोर अल्कली / सोडा एश | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री।<br><br>• इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / ऊर्जा नियोजन / ऊर्जा प्रबंधन/सतत ऊर्जा / पर्यावरण अध्ययन / पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर या मास्टर डिग्री का अतिरिक्त लाभ होगा।<br><br>बीईई प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षक / प्रबंधक को प्राथमिकता दी जाएगी। | ऊर्जा प्रबंधन, संयंत्र प्रक्रिया और ऊर्जा दक्षता उपायों के तकनीकी-अर्थशास्त्र के मूल्यांकन आदि से संबंधित क्षेत्र में डोमेन अनुभव होना चाहिए। |
| 5. | उर्वरक | | |
| 6. | बायोमास | | |
| 7. | पेट्रोलियम रिफाइनरी | | |
| 8. | पेट्रोकेमिकल | | |
| 9. | फोर्जिंग | | |
| 10. | फाउंड्री | | |
| 11. | सिरेमिक | | |
| 12. | शीशा | | |
| 13. | डिस्कॉम | | |
| 14. | कार्बन बाजार | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग / अर्थशास्त्र / विज्ञान में स्नातक की डिग्री। | कार्बन बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर भविष्योन्मुखी अनुमान और दृष्टिकोण विकसित करने का अनुभव। रिपोर्ट और विश्लेषण के प्रेषण में सहायता करना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/वित्त में मास्टर डिग्री या अर्थशास्त्र / इंजीनियरिंग / जलवायु परिवर्तन / संधारणीयता / पर्यावरण में एम.एससी. या एम.ए. को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>कैप-एंड-ट्रेड मार्केट्स / क्लीन फ्यूल्स मार्केट्स / ग्लोबल वॉलंटरी कार्बन मार्केट्स आदि की जानकारी होना। कार्बन मार्केट्स को प्रभावित करने वाली जानकारी पर डेटा-पाइप्स को बनाए रखना और जोड़ना। | कार्बन बाज़ार या जलवायु परिवर्तन या संबंधित क्षेत्र में कार्य-अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 15. | भवन | • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / वास्तुकला में स्नातक की डिग्री।<br>• इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी / वास्तुकला / ऊर्जा नियोजन / ऊर्जा प्रबंधन / सतत ऊर्जा / पर्यावरण अध्ययन / पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर या मास्टर डिग्री का अतिरिक्त लाभ होगा।<br><br>बीईई प्रमाणित ऊर्जा लेखा परीक्षक / प्रबंधक ईसीबीसी मास्टर ट्रेनर, सीएमवीपी, आईजीबीसी / एलईईडी / जीआरआईएचए प्रमाणित पेशेवरों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>मौजूदा भवन ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों की जानकारी होनी चाहिए। | ऊर्जा प्रबंधन / ऊर्जा बचत का तकनीकी मूल्यांकन / ऊर्जा दक्षता भवन संहिता और मानकों का अनुपालन / बिल्डिंग एनर्जी सिमुलेशन सॉफ्टवेयर / ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग (एलईईडी, आईजीबीसी, जीआरआईएचए, आदि) से संबंधित सेक्टर में अनुभव होना चाहिए।<br><br>वास्तुकला के क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। |

**<u>क्षेत्र विशेषज्ञों / वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञों को देय अन्य भत्ते: चूंकि नियुक्ति पूर्णतः</u>** अनुबंध के आधार पर होगी, इसलिए वे निम्नलिखित को छोड़कर किसी भी प्रकार के भत्ते / लाभ (बीईई के नियमित कर्मचारियों को देय) के लिए पात्र नहीं होंगे: -

1. <u>कर्मचारी भविष्य निधि अंशदान</u>: कर्मचारी भविष्य निधि में नियोक्ता के हिस्से का वैधानिक अंशदान निश्चित वेतन पर दिया जाएगा।

2. <u>चिकित्सा भत्ता</u>: वे स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा के लिए प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि बीमा पॉलिसी सुरक्षित करने का प्रमाण प्रस्तुत किया जाए, जिसकी राशि 6,000/- रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होगी।

3. <u>दौरे पर यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता</u>: बीईई के मौजूदा नियमों के अनुसार।

**<u>आयु सीमा:</u>** वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञों / क्षेत्र विशेषज्ञों के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक क्रमशः 45 वर्ष और 40 वर्ष होगी।

**<u>आवेदन कैसे करें:</u>** इच्छुक आवेदक संलग्न अनुबंध के अनुसार अपना बायोडाटा, दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ तथा प्रमाण-पत्रों/अंक तालिकाओं की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां, अपनी अर्हताओं और अनुभव का पूर्ण विवरण देते हुए, दो संदर्भों के साथ, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर **सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली-110066 के कार्यालय में भेज दें।**

उम्मीदवारों को उस क्षेत्र और पद का उल्लेख करना होगा जिसके लिए वे बीईई को जीवनवृत्त (सीवी) प्रस्तुत कर रहे हैं। हालांकि, व्यक्तिगत स्तर पर विचार-विमर्श के समय प्रासंगिक कार्यक्षेत्र में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त योग्यता और अनुभव के आधार पर चयन समिति द्वारा उपयुक्तता का आकलन किया जाएगा।

ब्यूरो को अन्यथा उत्कृष्ट उम्मीदवारों के मामले में पात्रता और अन्य मानदंडों में छूट देने का अधिकार है।

**<u>अन्य सामान्य जानकारी एवं निर्देश</u>**

यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी को अस्वीकृत किया जाएगा।

अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकार किया जाएगा।

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को योग्यता के क्रम में शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो लिखित परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा; यदि आवश्यक हो; तत्पश्चात् शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

अन्यथा उपयुक्त उम्मीदवारों के मामले में संगठन की तात्कालिक परियोजनामूलक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर आयु, योग्यता और अनुभव की आवश्यकताओं में छूट दी जा सकती है।

पदों की संख्या अनुमानित है और बीईई की आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है।

चयनित उम्मीदवार को बीईई में नियमित रोजगार के लिए कोई दावा किए बिना पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की पेशकश की जाएगी।

भर्ती प्रक्रिया को बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर बीईई के विवेकानुसार रद्द किया जा सकता है।

## ________________ क्षेत्र के लिए वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञ / क्षेत्र विशेषज्ञ पद के लिए जीवनवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)<br><br>मोबाइल नं. | |
| 2. | जन्म तिथि | |
| 3. | शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं<br>(अंक तालिकाओं और डिग्री आदि की फोटोकॉपी संलग्न करें।) | (1)<br>(2)<br>(3) |
| 4. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आधार पर क्या आप इस पद की योग्यताएं पूरी करते हैं? | |
| 5. | कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें। (अनुभव प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी संलग्न करें।) | |

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (विस्तृत रूप में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायीवत् या स्थायी | |
| 7. | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के अधीन काम कर रहे हैं: (संबंधित कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br>(क) केंद्र सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग) स्वायत्त संगठन<br>(घ) सरकारी उपक्रम<br>(ड.) विश्वविद्यालय | |

| | | |
|---|---|---|
| | (च) अन्य | |
| 8. | वर्तमान में प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां | |
| 9. | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें<br>(अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान की जा सकती है:<br>(i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता<br>(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और<br>(iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव)<br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें) | |
| 10. | टिप्पणी (अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दी जा सकती है)<br>(i) शोध प्रकाशन एवं रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं<br>(ii) वार्ड/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसायटियों से संबद्धता और<br>(iv) कोई अन्य जानकारी<br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह ज्ञात है कि चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन करते समय मेरे द्वारा भेजे गए जीवनवृत्त का भी प्रलेखों सहित मूल्यांकन किया जाएगा।

तारीख________________ उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पता: ______________________

______________________

______________________

फोन नं.: ____________________

ई-मेल: ______________________

संदर्भ:

1)

2)

*जो लागू न हो उसे काट दें

संलग्नक:

i. आयु प्रमाण के रूप में दसवीं पास प्रमाण पत्र/मार्कशीट की प्रति

ii. बारहवीं पास प्रमाण पत्र और मार्कशीट की प्रति

iii. डिग्री/मार्कशीट की प्रति

iv. सभी अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रति

v. पहचान प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड/वोटर-आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि)